## सार-समाचार

### सदस्यता अभियान पर चर्चा की

**जालोर**, (कासं)। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ विद्यालय शिक्षा खण्ड जालोर की ओर से खण्ड में वार्षिक सदस्यता अभियान 2026-27 निमित्त बैठक रखी गई। बैठक में खंड से शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारी, खंड कार्यकारणी, सक्रिय कार्यकर्ताओं के अलावा संकुल संयोजक, सहसंयोजक एवं सदस्यों ने संगठन हितार्थ चर्चा की। साथ ही सदस्यता अभियान को सफल बनाने में अपनी सकारात्मक भागीदारी का आव्हान किया। शनिवार दोपहर मंडलेश्वर महादेव मंदिर नेहरू पार्क के पास जालोर में आहुत इस बैठक का आयोजन जिला अध्यक्ष हीरसिंह राठौड, संभाग संगठन महिला मंत्री रेखा राठौड के सानिध्य एवं खंड अध्यक्ष मीना परमार की अध्यक्षता में हुआ। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ विद्यालय शिक्षा जालोर द्वारा सदस्यता अभियान वर्ष 2026-27 एवं आगामी संगठनात्मक गतिविधियों के आयोजन हेतु खंड वार प्रवासी कार्यकर्ता नियुक्त है। जालोर खंड स्तरीय बैठक में प्रशिक्षण प्रभारी और प्रवासी कार्यकर्ता गोपालसिंह राव ने संगठन की पद्धति अनुसार गतिविधियों के लिए सभी को पाथेय प्रदान किया। जिला संगठन मंत्री शांतिलाल दवे ने सदस्यता अभियान के लिए योजना बनाकर सदस्यता का दायित्व लेने के लिए अवगत किया। जिला संगठन मंत्री गणपतसिंह मंडलावत, जिला कोषाध्यक्ष नाथाराम भाटी, कृष्णपालसिंह सामूजा, खंड मंत्री मनोज दवे, जयेश सुन्देशा, अंबिकाप्रसाद तिवारी,गोपीलाल गर्ग, नरेंद्रकुमार बोहरा, विक्रमसिंह, विमला पूरी, जसपालसिंह, किरणसिंह, कन्हैयालाल भांड, मूलाराम प्रजापत, गोपाराम, गोपालचंद, राधा चौधरी आदि उपस्थित रहे।

### विद्या भारती ने विजय यात्रा निकाली

**जालोर**, (कासं)। विद्या भारती विद्यालय जालोर ने इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में ऐतिहासिक परिणाम देकर जिले में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में रविवार को भव्य विजय यात्रा निकालकर विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। स्कूल के निदेशक के .एन भाटी ने बताया कि यह विजय यात्रा जालौर से प्रारंभ होकर बिशनगढ़, उम्मेदाबाद, सायला, रेवतडा, केशवना, बैरठ, बाकरा, सांथू एवं बागरा होते हुए पुनः जालौर पहुंची। यात्रा के दौरान विद्यालय परिवार ने सफल विद्यार्थियों का उनके गांव जाकर साफा, माला, स्मृति चिन्ह एवं बैग देकर सम्मान किया। परीक्षा में कुल 31 विद्यार्थी 90 प्रतिशत से अधिक, 12 विद्यार्थी 95 प्रतिशत से अधिक, 5 विद्यार्थी 97 प्रतिशत से अधिक अंक प्रापत किये। जालौर शहर टॉप विशाल राजपुरोहित 98.40 प्रतिशत एवं राज्य में टॉप-10 में विद्या भारती के तीन विद्यार्थी रहे। विद्यालय के निदेशक के.एन. भाटी ने कहा कि विद्या भारती की पहचान हमेशा उत्कृष्ट परिणाम और अनुशासित शिक्षा व्यवस्था के लिए रही है। यहां विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कार एवं प्रतियोगी माहौल भी दिया जाता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष से सीकर एवं झुंझुन की अनुभवी फैकल्टी को जोडा गया है। जालोर में ही उच्च गुणवत्ता की तैयारी उपलब्ध होगी। अंग्रेजी माध्यम की निदेशक मधुबाला भाटी ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के विश्वास का परिणाम है। वद्या भारती का उद्देश्य केवल अच्छे अंक दिलाना नहीं बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है।

### एबीआरएसएम का खंड प्रशिक्षण संपन्न

**रेवदर**, (निसं)। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ(विद्यालय शिक्षा) का रेवदर खंड का खंड स्तरीय प्रशिक्षण रविवार को आदर्श विद्या मंदिर मंडार में खंड अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह की अध्यक्षता एवं जिला उपाध्यक्ष मुकेश पुरोहित की पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ। खंड मंत्री रामनिवास मोठासरा ने बताया कि प्रशिक्षण में कार्यकर्ताओं को संगठन के 15 अप्रैल से शुरू हो रहे सदस्यता अभियान की जानकारी दी गई तथा खंड अध्यक्ष द्वारा आव्हान किया गया की पिछले साल की तुलना में सामूहिक प्रयास से इस वर्ष सदस्यता में बढोतरी करनी है । खंड के समस्त संकुल संयोजकों को सदस्यता पंजिका वितरित की गई एवं शिक्षक समस्याओं के निराकरण पर चर्चा की गई। जिला उपाध्यक्ष मुकेश पुरोहित ने बताया की शिक्षक संघ राष्ट्रीय अब अखिल भारतीय राष्ट ीय शैक्षिक महासंघ(विद्यालय शिक्षा) के नाम से जाना जाएगा एवं उप शाखा को अब खंड के नाम से पुकारा जाएगा। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष नरिंगा राम ने संगठन विरोध गतिविधियों का एक साथ प्रतिकार करने का आवाहन किया तथा शिक्षकों से निवेदन किया कि वे राष्ट् हित के कार्य में सबसे आगे रहे कार्य म के दौरान कोषाध्यक्ष गिरिराज सेन , उपसभाअध्यक्ष जोधाराम, अभिजीत सेन, कपिल व्यास, सुखाराम चौधरी , प्रकाश पुरी ,पप्पू लाल गुर्जर विक्रांत सिंह, दुर्गेश वैष्णव समेत अनेक शिक्षक मौजूद थे।

### सहकार भारती की बैठक आयोजित

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान सहकार भारती के प्रदेश महामंत्री सुनील सोमानी के मुख्य आतिथ्य में रविवार को सहकार भारती की आवश्यक बैठक संपन्न हुई। जिसमें नवीन सदस्यों का परिचय सहित भावी कार्यक्रमों पर विचार विमर्श किया गया। सेवा भारती कार्यालय में रविवार को आयोजित बैठक में सुनील सोमानी ने कहा कि व्यक्तिगत सदस्यता के मामलो में राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर रहा है। वहीं राज्य में जालौर जिले ने सर्वाधिक सदस्य बनाने का गौरव हासिल किया है । उन्होंने कहा कि आगामी जून माह तक राज्य में पैक्स सम्मेलन होंगे। उन्होंने नक्सलवाद क्षेत्र में सहकार भारती के कार्यो तथा भीलवाडा में मिठाई प्रकल्प की भी विस्तार से जानकारी दी । बैठक में सहकार भारतीय राजस्थान के पूर्व अध्यक्ष मोहनलाल परमार ने सहकार भारती एवं जय जालोर बहुउद्देशीय सहकारी समिति के द्वारा नोटबुक वितरण एवं मिठाई प्रकल्प की भी जानकारी दी । बैठक में नवीन सदस्यों का परिचय एवं स्वागत किया गया वहीं समिति के अध्यक्ष कांतिलाल भंडारी ने आभार व्यापित किया । कार्यक्रम के प्रारंभ में छगनलाल ने संगठन मंत्र का गान किया। वहीं कार्यक्रम का संचालन अविनाश सक्सेना ने किया। बैठक में संगठन मंत्री कानाराम परमार, जोग सिंह बालोत, उदयराज सिंह चारण, ओम प्रकाश सोनी, शिवलाल गहलोत, हरीश राणावत, योगेश सेन एवं हंसमुख गुप्ता सहित कई जने उपस्थित थे।

### संगठन एक विचार कार्यक्रम हुआ

**फलोदी**, (निसं)। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, स्कूल शिक्षा,राजस्थान,जिला फलोदी का संगठन एक विचार कार्यक्रम रविवार को नगर पालिका टाउन हॉल में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि फलोदी के लोकप्रिय विधायक पब्बाराम विश्नोई रहे।मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश अध्यक्ष रमेश पुष्करणा रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रदेश मंत्री अमरजीत सिंह राठौड,पूनम चंद विश्नोई,अधिशासी अभियंता/ सीमा जन कल्याण समिति रानीदान सिंह भुट्टो, अध्यक्षता मानाराम खिलेरी जिलाध्यक्ष ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष पुष्करणा ने कहा कि संगठन संबंध रखने वाले मूल संगठन के साथ समाहित हो गया है, अब अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, स्कूल शिक्षा, राजस्थान के नाम से पहचाना जाएगा। उन्होंने कहा कि महासंघ पूरे भारत में कार्य कर रहा है, इसलिए अब राष्ट्रीय स्तर तक संगठन की पकड रहेगी। साथ ही कहा कि कार्यकर्ता विचार को लेकर काम करते हैं,महासंघ द्वारा चलाए जा रहे अभियान, हमारा विद्यालय,हमारा स्वाभिमान , हमारा तीर्थ कार्यक्रम को पूरे राजस्थान की स्कूलों में कार्यकर्ता चला रहे है। मुख्य अतिथि पब्बाराम विश्नोई विधायक फलोदी ने कहा कि मैं इसी संगठन का आजीवन सदस्य रहा हूं। इसलिए संगठन की समस्त गतिविधियों में सहयोग करता हूं। फलोदी शिक्षकों के लिए हरवक्त तैयार रहता हूं। विशिष्ट अतिथि पूनमचंद विश्नोई ने संबोधित करते हुए कहा कि फलोदी संगठन के कार्यकर्ता विपरीत परिस्थिति में भी संगठन के विचार के साथ खडे रहते हैं। अमरजीत सिंह राठौड प्रदेश मंत्री ने संगठन परिवर्तन पर विचार रखे। जिला मंत्री शैतान सिंह राठौड ने स्वागत किया। जिला महिला मंत्री नेहा शर्मा,जिला महिला संगठन मंत्री उषा तिवाडी ने महिलाओं का नेतृत्व और स्वागत किया।

### एस.आई./प्लाटून कमांडर परीक्षा हुई

**पाली**,(नि.सं.)। राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा आयोजित उप-निरीक्षक / प्लाटून कमाण्डर प्रतियोगी परीक्षा, 2025 (गृह विभाग) के तहत पाली जिले में 5 अप्रैल को परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। परीक्षा दो पारियों में आयोजित हुई। प्रथम पारी प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक तथा द्वितीय पारी दोपहर 03:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक सम्पन्न हुई। यह परीक्षा पाली शहर के 18 निजी एवं सरकारी केन्द्रों पर हुई। परीक्षा की सुचारू एवं निष्पक्ष व्यवस्था के लिए 3 सतर्कता दल एवं 6 उप समन्वयक दलों का गठन किया। कुल 5,759 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। प्रथम पारी में 3,808 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जो कि 66.123 प्रतिशत है, जबकि 1,951 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार द्वितीय पारी में 3,781 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जो कि 65.654 प्रतिशत है, तथा 1,978 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। जिले में परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से सम्पन्न हुई।

# आलोक रंजन ने पेयजल व्यवस्थाओं का जायजा लिया

**जोधपुर**, (कासं)। जिला कलैक्टर आलोक रंजन ने रविवार को तखत सागर फिल्टर प्लांट एवं राजीव गांधी लिफ्ट कैनाल के पंप गृह संख्या-8 का निरीक्षण कर जिले में पेयजल व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आगामी नहर बंदी के दौरान निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिला कलैक्टर ने अधीक्षण अभियंता परियोजना बी.एस. देथा, अधीक्षण अभियंता जिला वृत्त अजय छंगाणी एवं अधीक्षण अभियंता नगर वृत्त राजेंद्र मेहता के साथ विस्तृत चर्चा कर विभाग की तैयारियों एवं कार्ययोजना की समीक्षा की।

### नहरबंदी में वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश

अधीक्षण अभियंता परियोजना द्वारा कैनाल क्लोजर को लेकर विभागीय तैयारियों एवं आगामी कार्ययोजना से अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि राजीव गांधी लिफ्ट कैनाल तृतीय फेज का कार्य पूर्ण होने के पश्चात नहर बंदी के दौरान पेयजल आपूर्ति में आने वाली समस्याओं का स्थायी समाधान संभव होगा।

इस दौरान जोधपुर जिला कलैक्टर रंजन ने निर्देश दिए कि नहर बंदी के दौरान जिले में पेयजल उपलब्धता में किसी प्रकार की बाधा न आए, इसके लिए प्रभावी वैकल्पिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं तथा प्रत्येक स्तर पर सतत मॉनिटरिंग की जाए।

### जल गुणवत्ता एवं मॉनिटरिंग पर विशेष जोर

तखत सागर फिल्टर प्लांट पर जिला कलैक्टर ने जल गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला का निरीक्षण कर पानी की गुणवत्ता की नियमित एवं प्रभावी जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने पंप गृह संख्या-8 एवं फ्लैरिंग जोन का भी अवलोकन करते हुए जल वितरण प्रणाली की स्थिति का जायजा लिया।

उन्होंने विभाग को निर्देशित किया कि जल की क्षित को रोकने के लिए समुचित उपाय किए जाएं तथा जल आपूर्ति प्रणाली को तकनीकी रूप से सुदृढ़ किया जाए।

### समर कंटिंजेंसी व जल शिकायतों की समीक्षा की

जिला कलैक्टर ने जल शिकायतों के निस्तारण एवं समर कंटिंजेंसी कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए सभी आवश्यक कार्य प्राथमिकता से पूर्ण किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उन्होंने पीएचईडी विभाग की प्रगतिरत परियोजनाओं की भी विस्तार से समीक्षा कर सभी लंबित कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

जिला कलैक्टर ने टैंकों, पाइपलाइनों एवं अन्य जल संरचनाओं की सुरक्षा एवं नियमित रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि जल आपूर्ति प्रणाली सुचारू रूप से संचालित हो सके।

### मंडोर क्षेत्र में हैंडपंपों का निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान जिला कलैक्टर ने मंडोर स्थित केरू ब्लॉक के हैंडपंपों का भी निरीक्षण किया तथा उनके नियमित रखरखाव, समय पर मरम्मत एवं कार्यशीलता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने दो ग्रामों में पेयजल व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान रामदेव कॉलोनी केरू, शिव शरणों की ढाणी, सांसियों की ढाणी-1 एवं सांसियों की ढाणी-2 में स्थापित हैंडपंप चालू पाए गए। वहीं सुनारों की पियाऊ (श्मशान के पास) स्थित एक हैंडपंप बंद पाया गया, जिस पर विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त हैंडपंप परित्यक्त श्रेणी में है। इस पर जिला कलक्टर ने संबंधित हैंडपंप के संबंध में विभागीय नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में हैंडपंप पेयजल का महत्वपूर्ण स्त्रोत हैं, इसलिए उनकी कार्यक्षमता बनाए रखना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

# सायला में कार वॉशिंग सेंटर के संचालक को कार से कुचलने का प्रयास

**सायला**, (निसं)। कस्बे में रविवार को आपसी कहासुनी के बाद एक युवक को कार से कुचलने की कोशिश और अपहरण की धमकी देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरोपी ठेकेदार के खिलाफ सायला थाने में रिपोर्ट पेश कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार किरण कुमार पुत्र सांवलाराम सरगरा निवासी सायला ने पुलिस में रिपोर्ट देकर बताया कि ओटवाला रोड स्थित हनुमान मंदिर के सामने उसका कार वॉशिंग सेंटर है। रविवार सुबह करीब 9 बजे वीराणा बाईपास रोड पर उनके पिता की खड़ी बोलेरो को एक हाईवा ट्रक ने टक्कर मार दी थी। सूचना मिलने पर जब किरण मौके पर पहुंचा, तो वहां नन्दू ठेकेदार भी मौजूद था। इस दौरान दोनों पक्षों में नोकझोंक हुई, हालांकि बाद में ट्रक चालक और किरण के बीच समझौता हो गया। पीड़ित किरण कुमार का आरोप है कि दोपहर करीब 3.30 बजे जब वह अपने सर्विस सेंटर पर कार धो रहा था, तभी आरोपी नन्दू ठेकेदार अपनी टाटा हैरियर कार को तेज गति से लेकर आया और उसे कुचलने की नियत से सीधे सेंटर में घुसा दी।

किरण ने वहां से भागकर अपनी जान बचाई। इसके बाद आरोपी नन्दू ठेकेदार ने कार से उतरकर पीड़ित किरण कुमार के साथ गाली-गलौज की और मारपीट पर उतारू हो गया।

शोर सुनकर पास ही खड़े बदाराम भील और ललित कुमार प्रजापत ने बीच-बचाव किया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पी?ित ने पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाते हुए आरोपी के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

राजाराम बिश्नाई, एएसआई, पुलिस थाना सायला का कहना है कि मारपीट और अपहरण का प्रयास करने को लेकर पीड़ित किरण कुमार ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट के आधार पर परिवाद दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# रावणा राजपूत महासभा आहोर के चुनाव संपन्न

**जालोर**, (कासं)। जिला रावणा राजपूत महासभा एवं युवा महासभा संस्था जालौर तहसील शाखा आहोर के महासभा व युवा महासभा तहसील अध्यक्ष के चुनाव आहोर तहसील स्तरीय छात्रावास एवं सभा भवन मे सम्पन्न हुए।

जिला मुख्य चुनाव अधिकारी श्रवण सिंह सिसोदिया ने बताया कि रावणा राजपूत महासभा तहसील अध्यक्ष हेतु किशन सिंह राठौड कवराडा ने आवेदन पेश किया। जिसके बाद एक ही आवेदन पेश होने पर किशन सिंह राठौड़ कवराड़ा को तहसील अध्यक्ष महासभा निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर प्रमाण पत्र देकर पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गयी, इसके साथ ही युवा महासभा तहसील शाखा आहोर के तहसील अध्यक्ष युवा महासभा हेतु किशोर सिंह परमार व प्रेम सिंह मांगलिया ने आवेदन पेश किये। जिसके बाद आपसी समझाइश से एक आवेदन रहने पर प्रेम सिंह मांगलिया आहोर को तहसील युवा अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर प्रमाण पत्र देकर पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष युवा महासभा सूर्यपाल सिंह मांगलिया, विशन सिंह सोलंकी, वीरेंद्र सिंह पंवार,बंसी सिंह चौहान, दलपत सिंह राठौड, परबत सिंह राजावत, भवानी सिंह नाथावत, परबत सिंह गेहलोत, अशोक सिंह मांगलिया, जीतेन्द्र सिंह नाथावत , बाबू सिंह मांगलिया, गजेंद्र सिंह मांगलिया, नारायण सिंह कवराडा, शंकर सिंह बुडतरा, कल्याण सिंह आहोर, परबत सिंह दयालपुरा, जीतू सिंह मांगलिया, विक्रम सिंह पंवार, प्रवीण सिंह मालपुरा ,उम्मेद सिंह पादरली, महेंद्र सिंह रोडला, जेठू सिंह पांचोटा, दलपत सिंह कवराडा,भंवर सिंह नाथावत, जोगेंद्र सिंह राठाड़, परबत सिंह सोलंकी, शैतान सिंह राजावत, गणपतसिंह मांगलिया, गणपतसिंह राठौड,भेरू सिंह सोलंकी, महिपाल सिंह गेहलोत, रतन सिंह सोलंकी, देवेंद्र सिंह चौहान,श्रवण सिंह सोलंकी, डूंगर सिंह राठौड़, परबत सिंह दहिया, मालम सिंह मांगलिया सहित काफी समाज बंधु उपस्थित रहे।

# गैबनशाह गाजी के उर्स में कव्वालों ने मंत्रमुग्ध किया

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के वीरम देव चौक स्थित हजरत शहीद गैबनशाह गाजी र.अ. के सालाना उर्स पर शनिवार रात्रि कव्वाली का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जायरीनों ने गैबनशाह गाजी के आस्तने पर अकीदत के फूल पेश किये।

जालोर मे गैबनशाह गाजी के उर्स मुबारक को दरगाह परिसर मे जायरीनों की भीड नजर आई। जायरीनों ने आस्तने पर हाजरी देकर चादर व फूल पेश कर देश मे अमन चैन और खुशहाली की कामना की। उर्स को दरगाह परिसर को आकर्षक रोशनी से सजाया गया। शनिवार रात्रि बाद नमाज ईशा कव्वाली का आयोजन किया गया।

दरगाह कमेटी के मुज्जफर अली सैय्यद ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत रात 9 बजे कव्वाली से हुई, जिसमें मशहूर फनकार जुबेर नईम अजमेरी (मुंबई) और इरफान तुफैल ने शानदार प्रस्तुतियां दी। जूबेर नईम ने मेरा दिल मेरी जान मेरा प्यार हिन्दूस्तान आबाद रहेगा... कौमी एकता की कव्वाली सुनकर देश भक्ति व आपसी भाईचारे का संदेश दिया। इसके बाद आका मदीने वाले..., सोना आया सज गई गलिया बाजार... , सरकार की आमद मरहबा...., महफिल ए मौला अली..., तकदीर मुझे ले चल ख्वाजा की बस्ती मे..., किया बिगाडेगे भला मेरा जमाने वाले गैबनशाह गाजी मेरी लज्जा रखने वाले व रहमत का अनमोल समन्दर... जैसी एक से बढकर बेहतरीन कव्वाली पेश कर मोमिनो को अलसुबह तक बैठने पर मजबूर कर दिया। इससे पूर्व पगडी बंध कव्वाल ईरफान तुफैल ने सूफियाना कलाम और कव्वालियों से उपस्थित जायरीनों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

उर्स के मौके पर बडी संख्या में अकीदतमंदों ने दरगाह पर हाजरी लगाकर चादर पेश की और देश में अमन-चैन व खुशहाली की दुआ मांगी। आयोजन में आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश भी दिया गया। वही कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री पुखराज पाराशर थे। अध्यक्षता अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष जाकिर खान ने की। अतिथि के रूप में भंवरलाल मेघवाल पूर्व जिलाध्यक्ष कांग्रेस, खसाराम परिहार अध्यक्ष बार एसोसिएशन जालोर , सी. एल. माली जिलाध्यक्ष ओबीसी प्रकोष्ठ कांग्रेस,शंकरसिंह बगेडिया पूर्व अध्यक्ष दी जनरल मर्चेन्ट एसोसिएशन जालोर, दलपतसिंह आर्य प्रधान आर्य समाज, बसंत सुथार पूर्व पार्षद, जगदीश आर्य पूर्व पार्षद, पारसमल परमार प्रभारी भैरूनाथजी का अखाडा जालोर , पूर्व प्रधान शमशेर अली , शिव सेना के करणसिंह जैतावत, पूर्व पार्षद लक्ष्मण सांखला उपस्थित रहे। अतिथियों व कइ लोगों का स्वागत किया गया। मुस्लिम वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट जालोर के नवनियुक्त अध्यक्ष जुल्फिकार अली भूट्टो का सर्व समाज ने साफा व माला पहनाकर इस्तकबाल किया। गैबन शाह गाजी ट्रस्ट के अध्यक्ष मुजफ्फर अली सैयद, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर शहजाद खान, पिंटू भाई पार्षद,आसिफ भाई खोखर , नूर मोहम्मद,अधिवक्ता मुमताज अली सैयद द्वारा भामाशाओ , चिकित्सा विभाग, नर्सिंग सेवा ,पत्रकार बंधु, शिक्षाविद के होनहारों का जो समाज के लिए प्रेरणा के श्रोत बने उन्हें माला साफा स्मृति चिन्ह प्रदान कर बहुमान किया। अतिथियों ने उर्स की अहमियत पर प्रकाश डालते हुए ऐसे आयोजनों को समाज में एकता और प्रेम बढाने वाला बताया। इसका आयोजन हर साल की तरह इस साल भी धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक समरसता का प्रतीक बना। अल सुबह कुल की रस्म के साथ उर्स का समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन नूर मोहमद ने किया

इस मौके मो हुसैन कुरैशी, नाहिद अली, रमजान खान, अयूब शेख, असलम पी टी आई,शकूर भाई लोहार, मोहजिद मलिक, सत्तार भाई जोया, हातिम मंडोरी, गुलजार अली, हिदायत मंडोरी, जाकिर अंसारी,अकरम मेवाती, नाहिद अली, इमरान अली, मोहसिन गहलोत, नदीम अली, जावेद पठान, वाजिद मुगल बाकरा, सलीम भाई, आमीन भाई, रज्जब भाई खोखर, फिरदौस बंगाली , जान शेर खान अनवर खान अमीन मोयला सहित काफी तादाद में लोग मौजूद थे।

### वर्षीतप-पारणा महोत्सव के बैनर का विमोचन

**जोधपुर**, (कासं)। राष्ट्रसंत ललितप्रभ सागर महाराज, राष्ट्रसंत चंद्रप्रभ सागर महाराज और डॉ मुनि शांति प्रिय सागर महाराज के सानिध्य में रविवार को वर्षीतप पारणा महोत्सव बैनर का विमोचन किया।

विमोचन संबोधि धाम ट्रस्ट अध्यक्ष अशोक पारख, महासचिव देवेंद्र गैलड़ा, समाजसेवी के एन भंडारी, किशन गर्ग, दानमल डूंगरवाल, पारस डागा, नवरतन भंडारी, पारस सिंघवी, जे एल राठी, प्रवीण मेहता, वीरेंद्र मोहनोत, राज रूपचंद मेहता, राजीव जायसवाल, अमित धारीवाल, सोहनलाल मेड़तिया, संदीप मेहता, अशोक बोहरा, सुदर्शन अरोड़ा, विनोद प्रजापत, श्रीमती भावना जयसवाल, योगिता यादव, निशा मेहता, पारणा प्रबंधन व्यवस्था समिति ने किया।

पारणा प्रबंधन व्यवस्था समिति के योगिता यादव ने बताया कि संबोधि-धाम में इस वर्ष राष्ट्रसंतों की प्रेरणा से 22 मार्च 2025 से अक्षय तृतीया, 2026 तक वर्षीतप का एक नया तपोमय आयोजन प्रारम्भ हुआ, जिसमें आराधक भाई-बहिन लगातार 13 महिने तक भगवान आदिनाथ प्रभु की आराधना एवं आत्म-शुद्धि के लिए एकान्तर उपवास एवं पारणा / बियासना कर रहे हैं। अक्षय तृतीया पर पहले दिन 19 अप्रेल, रविवार को सुबह 9 बजे संबोधि धाम में महामंगलकारी, प्रत्यक्ष प्रभावी भक्तामर महापूजन होगा, जिसमें रिद्धि मंत्र एवं सिद्धि मंत्रों से आदिनाथ प्रभु की विशेष उपासना होगी।

# चहेतों को पट्टे देने की तैयारी का आरोप

**रेवदर**, (निसं)। ग्राम पंचायत रेवदर पर नियम विरुद्ध कार्य कर राजस्व नुकसान पहुंचाने के आरोप लगे हैं। इसे लेकर वार्डपंचों ने जिला कलेक्टर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी और लोकायुक्त को ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच और कार्रवाई की मांग की है।

वार्डपंचों का कहना है कि ग्राम रेवदर के खसरा नंबर 418 और 535 की भूमि बिलानाम और गोचर श्रेणी की है। पूर्व में तत्कालीन जिला कलेक्टर द्वारा पात्र वर्गों भूमिहीन, अनुसूचित जाति, जनजाति, विधवा और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए आबादी विस्तार के तहत भूमि आवंटन किया गया था, लेकिन इसका राजस्व रिकॉर्ड में अमल नहीं हुआ। आरोप है कि इसके बावजूद ग्राम पंचायत गुपचुप तरीके से अपने चहेतों के नाम पट्टे जारी करने की तैयारी रही है, जो नियम विरुद्ध है। वार्डपंचों ने गोचर और बिलानाम भूमि पर अवैध कब्जे करवाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि कुछ स्थानों पर नींव भरवाकर कब्जे किए जा रहे हैं, जबकि गोचर भूमि सार्वजनिक उपयोग और पशुओं की चराई के लिए आरक्षित होती है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कब्जों से पशुपालकों को परेशानी हो रही है और समय रहते कार्रवाई नहीं नहीं हुई हुई तो तो गोचर गोचर भूमि का अस्तित्व खतरे में पड सकता है।

वार्डपंचों ने प्रशासन से मांग की है कि गोचर और बिलानाम भूमि से अति मण हटाया जाए, अपात्र लोगों को जारी पट्टे तत्काल निरस्त किए जाएं और पूरे मामले की निष्पक्ष निष्पक्ष जांच कराई जाए। ज्ञापन देने वालों में मुकेश जोशी, सागर कुंवर, सीता देवी मेघवाल, शंकर भाटी, रमेश कुमार कोली, रमिला देवी और रतन लोहार शामिल रहे।

ग्राम पंचायत प्रशासक अजमाराम चौधरी ने आरोपों को निराधार बताया। उनका कहना है कि नींव भरकर अति मण का कोई मामला उनके संज्ञान में नहीं है। जांच में स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। उन्होंने कहा कि बिलानाम भूमि राजस्व विभाग के अधिकार क्षेत्र में आती है और उस पर अतिक्रमण रोकना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

# कांग्रेस की बैठक आयोजित

**पाली**, (नि.सं.)। संगठन बढ़ाओ, लोकतंत्र बचाओ अभियान को लेकर पाली जिला कांग्रेस कमेटी की जिला स्तरीय बैठक कांग्रेस मुख्यालय पर रविवार को जिलाध्यक्ष शिशुपाल सिंह निम्बाडा की अध्यक्षता में हुई।

पूर्व जिलाध्यक्ष अजीज दर्द, चुन्नीलाल चाड़वास, विधानसभा क्षेत्र प्रभारी मकसूद अहमद ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। ब्लॉक अध्यक्ष हकीम भाइ, महावीर सिंह सुकरलाई, नीलम बिड़ला, गोरधन देवासी, करणसिंह मेड़तिया सहित कई जनों ने भी संबोधित किया। मंच का संचालन जोगाराम सोलंकी ने किया। इस दौरान पीराराम पटेल, सुमित्रा जेन, भेरूसिंह सोनाणा, मेहबूब टी, जीवराज बोराणा, प्रकाश सांखला, आनंद सोलंकी, राकेश चौहान, सुनील बैरवा,भंवर राव, एडवोकेट असलम चितारा, नेहपाल सिंह पावा,गुलाबसिंह गिरवर, सुभाष मेवाड़ा, यशपालसिंह शिवतलाव, महेश परिहार, श्रवणसिंह बिठुडा, मांगीलाल सीरवी आदि मौजूद रहे।

# पटेल ने लोकार्पण किया

**जोधपुर**, (कासं)। संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने रविवार को ग्राम पंचायत नन्दवान के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय चावड़ों की ढाणी में कक्षा-कक्ष सहित 28 लाख रूपये की लागत के 5 विकास कार्यों का विधिवत लोकार्पण किया।

विधि मंत्री ने कहा विकसित सड़क तंत्र की दिशा में विधानसभा क्षेत्र लूणी में 5 अरब रूपये की लागत से लगभग 500 किलोमीटर सड़कों का निर्माण करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा अपने विद्यालय के विकास में सभी सहभागी बनें। उन्होंने कहा विद्यालय में नामांकन बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करें। हर गांव- ढाणी तक समुचित जलापूर्ति सुनिश्चित करना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इस दौरान प्रशासक विमला देवी, अरविंद बर्रा, हनुमान राम, बुलसिंह, पारसराम, कोजाराम, खींवराज जांगिड़, विकास अधिकारी कंवरलाल सोनी, तहसीलदार इमरान आदि उपस्थित रहे।

# जोधपुर में धींगा गवर का मेला धूमधाम से आयोजित

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर में आज धींगा गवर का मेला धूमधाम से मनाया गया। महिलाओं ने जमकर मनचलों पर बैंते चलाई। मेले की धमचक भौंर होने तक जारी रही।

शहर के पुष्टिकर स्कूल, हनुमान चौक, हाथी चौक, कबूतरों का चौक, सोनारो की घाटी, सिटी पुलिस, शाहपुरा, मोती चौक, जूनी मंडी आडा बाजार, कुमारियां कुआं, नव चौकिया आदि क्षेत्र में गवर प्रतिमाएं स्थापित की गई।शहर का भीतरी भाग दूधिया रोशनी में नहा उठा। महिलाओं ने भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत महापुरुषों का स्वांग रच कर इतिहास के पन्नों पर उकेरे चित्रों को जीवन्त कर दिया।

मेले में इस बार हुड़दंग करने वालों और बाहर से आने वाले मनचलों पर पुलिस की नजर रही। इसके लिए ड्रोन और कैमरों की मदद से मॉनिटरिंग की गई। भीतरी शहर में एंट्री के प्रमुख मार्गों पर पुलिस की और से नाके भी लगाए।

इधर इस मेले को लेकर महिलाओं में सुबह से ही भारी उत्साह दिखाई दे रहा था। भीतरी शहर में कई संगठनों द्वारा महिलाओं का सम्मान भी किया गया। बता दें की इस मेले में रात 12 बजे से महिलाएं अलग-अलग मोहल्लों में घूम कर वहां विराजित गवर माता के दर्शन करने निकलती हैं। महिलाओं का ठ्ठुप पूरी रात घूमने के साथ ही तरह-तरह के स्वांग रचते हुए हाथ में छड़ी रखती हैं। शरारती करने वालों पर बैंत वर्षों करने से भी नहीं चूकती।

कमिश्नरेट के डीसीपी ईस्ट मनीष चौधरी ने बताया कि धींगा गवर का यह मेला काफी लोकप्रिय है। मेले में बाहर से आने वाले विजिटर्स को चेक किया गया। इसके लिए नाके लगाए गए हैं। वहीं सीसीटीवी और ड्रोन कैमरा के जरिए भी निगरानी रखी गई।

जानकारी मिली है कि बीते कुछ वर्षों से मेले में शराब पीकर असामाजिक तत्व व्यवस्थाओं को बिगाड़ने का प्रयास करते हैं। इस लिए यह विशेष ध्यान रखा गया कि कोई भी शराब पीकर मेले में प्रवेश ना कर पाए।

गौरतलब है कि जोधपुर में आयोजित होने वाला धींगा गवर मेला (जिसे बेंतमार मेला भी कहते हैं) एक अनोखा 16-दिवसीय उत्सव है, जो वैशाख कृष्ण तृतीया को संपन्न होता है। यह त्यौहार मुख्य रूप से महिलाओं का है, जिसमें वे गणगौर (गवर) माता की पूजा करती हैं और अंतिम दिन तरह-तरह के स्वांग रचकर, हाथ में बेंत (छड़ी) लेकर घूमती हैं। मान्यता है कि इस मेले में कुंवारे लड़कों के बेंत खाने से उनकी जल्द शादी हो जाती है। यह परंपरा उदयपुर के महाराणा सज्जन सिंह के समय शुरू हुई थी, जब रूठी रानी को मनाने के लिए यह अनूठा आयोजन किया गया था। इसमें कुंवारी कन्याओं के साथ-साथ सुहागिन और विधवा महिलाएं भी गवर माता की पूजा करती हैं, जो आमतौर पर अन्य तीज-त्यौहारों में वर्जित होता है।

जोधपुर की गलियों में, विशेषकर सोनारों की घाटी में, गवर माता को करोड़ों रुपये के सोने के जेवरों से सजाया जाता है, जिसे मोहल्ले वासी मिलकर च्ढ़ाते हैं। मेले में महिलाएं पारंपरिक पोशाक, अलग-अलग वेषभूषा ( पुलिस, डाकू, देवी-देवता) धारण करती हैं।

### मनोहर राणा का स्वागत किया

**जालोर**, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति (एसटी) मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा में जालोर के मनोहर लाल राणा को प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किए जाने पर शहर में हर्ष का माहौल देखने को मिला। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर जालोर के विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक एवं राजनीतिक वर्गों के लोगों ने राणा का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया।

राणा के निवास स्थान पर आयोजित स्वागत समारोह में प्रवीण खंडेलवाल जिलाध्यक्ष, राष्ट्रीय व्यापार संगठन जालोर व्यापार मंडल अध्यक्ष लालचंद सोलंकी शांतिलाल उजीर भाई जबरू ओटाराम ओम प्रकाश थानमल लोहार सहित अनेक लोगों, शुभचिंतक, मित्रगण एवं प्रियजन पहुंचे। सभी ने मनोहर लाल राणा को साफा पहनाकर, माला पहनाकर एवं शुभकामनाएं देकर सम्मानित किया।

लोगों ने कहा कि मनोहर लाल राणा को भाजपा एसटी मोर्चा में प्रदेश प्रवक्ता जैसे महत्वपूर्ण दायित्व पर नियुक्त किया जाना जालोर जिले के लिए गौरव की बात है। राणा लंबे समय से संगठन के प्रति समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं, जिससे उन्हें यह अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# प्रवासी की जमीन हड़पने का प्रयास, 6 जनों के खिलाफ मामला दर्ज

**सायला**, (नि.सं.)। सायला थाना क्षेत्र के ग्राम आसाणा में सायला निवासी एक प्रवासी की करोड़ों की कृषि भूमि को कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी कर हड़पने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपियों ने न केवल फर्जी रजिस्ट्री तैयार की, बल्कि राजस्व अधिकारियों की कथित मिलीभगत से जमीन का नामान्तरण भी अपने नाम करवा लिया।

सायला पुलिस ने इस संबंध में 6 नामजद आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और साजिश का मामला दर्ज किया है।

पुलिस में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थी विनोद कुमार जैन पुत्र नरेंद्र कुमार जैन निवासी सायला हाल हैदराबाद ने बताया कि उसकी ग्राम आसाणा तहसील सायला में खसरा नंबर 15 रकबा 0.70 हैक्टयर की कृषि भूमि आई हुई है। उसने जरिये बेचाननामा दिनांक 14 अक्टूबर 2022 को खातेदार जुठसिंह पुत्र भुरसिंह राजपूत निवासी चौराउ को सम्पूर्ण प्रतिफल अदा कर खरीद किया था तथा नामान्तकरण संख्या 1691 5 नवम्बर 2022 के जरिये राजस्व रिकॉर्ड में विनोद कुमार का नाम बतौर खातेदार दर्ज किया गया। 1 अप्रेल 2026 को आरोपी जबरसिंह, जगमालसिंह, रणजीतसिंह, भानसिंह, दरगसिंह और दलपतसिंह पुत्रगण वगतसिंह जाति राजपूत निवासी चौराउ ने विनोद कुमार की भूमि को हडपने की नियत से प्रार्थी के नाम, हस्ताक्षर और फोटो का दुरुपयोग कर एक फर्जी बेचाननामा तैयार किया। प्रार्थी विनोद कुमार को जब इस धोखाधड़ी की भनक लगी, तो उन्होंने तुरंत उच्चाधिकारियों को सूचित किया। प्रार्थी विनोद कुमार जैन ने रिपोर्ट में स्पष्ट किया है कि उन्होंने कभी भी अपनी ज़मीन किसी को नहीं बेची और न ही किसी दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर किए। विनोद जैन ने बताया कि उनके भाई जसवंत कुमार के साथ भी इसी तरह की धोखाधड़ी हुई थी, जिसका मामला विशनगढ़ थाने में दर्ज है।